# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2025-26
# कक्षा - बारहवीं
## हिंदी – (आधार) (101)

| Q. No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | निर्धारित समय - 03 घंटे अंक - 80 | |
| | सामान्य निर्देश - | |
| | • निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए : | |
| | • यह प्रश्न-पत्र तीन खंडों में विभाजित है। | |
| | • खंड-क में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। | |
| | • खंड-ख में पाठ्य पुस्तक अभिव्यक्ति और माध्यम से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। | |
| | • तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। | |
| | • यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए | |
| प्रश्न सं० | खंड - क (अपठित बोध) | अंक - 18 |
| (1) | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 10 |
| | सदियों से ~~अंतरिक्ष~~ अंतरिक्ष मानव की जिज्ञासा का केन्द्र रहा है। टिमटिमाते तारे, धूमकेतु, ग्रह तारामंडल जैसे अनगिनत खगोलिय पिंड मानव को आकर्षित करते रहे हैं। मानव आकाशीय पिंडों के बारे में जानने को आतुर रहा है। यही कारण है कि खगोल विज्ञान एक ऐसा विषय | |

| Q. No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| | बनता जा रहा है जिसके प्रति विद्यार्थियों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। | |
| | भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनेक सफल अंतरिक्ष मिशनों ने न केवल भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई है बल्कि भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम और अंतरिक्ष विज्ञान को भी लोकप्रिय बनाया है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के लिए अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अग्रवर्ती अनुसंधान क्षेत्रों में कार्य करते हुए भारतवासियों को इसका अधिकतम लाभ पहुँचाना है। आज जहाँ जनमानस चंद्रयान, मंगलयान एवं आदित्य एल-1 आदि मिशनों के माध्यम से अंतरिक्ष के प्रति आकर्षित हुआ है, वहीं विद्यार्थियों में इस क्षेत्र में अध्ययन के लिए रुचि जाग्रत हुई है। | |
| | भारत की अंतरिक्ष यात्रा दिनों-दिन विकास-पथ पर अग्रसर है। भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी वाले शीर्ष देशों में शामिल हो चुका है। इन सभी बातों से यह साफ है कि भारत अंतरिक्ष विज्ञान में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में भारत सहित पूरे विश्व में इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं का भी विस्तार हो रहा है। इसलिए जरूरी है | |

| Q. No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | कि हम क्षेत्र के बारे में जानें, ताकि अपनी रुचि समझने के बाद इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए तैयार हो सके। | |
| | अंतरिक्ष विज्ञान यानी एस्ट्रोनॉमी ब्रह्मांड की खोज से संबंधित विज्ञान है। इसमें पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर होने वाली आकाशीय गतिविधियों और उनके निर्माण आदि से संबंधित प्रक्रियाओं का विस्तार से अध्ययन किया जाता है। अंतरिक्ष विज्ञान वह शाखा है जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रहों, उपग्रहों, तारों, धूमकेतुओं, आकाशगंगाओं एवं अन्य अंतरिक्ष पिंडों का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं। वर्तमान में अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत अनेक क्षेत्रों में विस्तार से अध्ययन किया जाता है। इनमें से प्रमुख है – कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस एवं प्लेनेटरी साइंस आदि। इस क्षेत्र में न केवल वैज्ञानिक स्वभाव की परीक्षा होती है, बल्कि आपकी जिज्ञासाएँ भी स्तर-दर-स्तर शांत होती जाती हैं। यह क्षेत्र जितना रोचक है, उतनी ही मेहनत की भी मांग करता है। इस क्षेत्र को भविष्य में चुनौतीपूर्ण और रोजगार | |

| Q. No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | उन्मुख करिअर विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। | |
| | 1. गद्यांश का विषयवस्तु किस पर आधारित है? | |
| | a. अंतरिक्ष की जानकारी | |
| | b. अंतरिक्ष में लोगों की रुचि | |
| | c. अंतरिक्ष के रहस्य | |
| | d. अंतरिक्ष क्षेत्र में रोजगार | |
| | 2. भारत अंतरिक्ष विज्ञान में आगे बढ़ रहा है, कैसे? | |
| | a. सफल अंतरिक्ष मिशन से | |
| | b. अंतरिक्ष विज्ञान के अध्ययन से | |
| | c. शीर्ष देशों में शामिल होने से | |
| | d. विज्ञान और प्रौद्योगिकी में होने वाले कार्य से | |
| | 3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए? | |
| | कथन (I) - अंतरिक्ष मानव जिज्ञासा का केन्द्र है। | |
| | कथन (II) - अंतरिक्ष मिशनों से भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। | |
| | कथन (III) - अंतरिक्ष कार्यक्रम देश के विकास के लिए समर्पित है। | |
| | गद्यांश के अनुसार कौन सा/से कथन सही है? | |

| Q. No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| | a. केवल कथन (i) सही है | |
| | b. केवल कथन (iii) सही है | |
| | c. केवल कथन (ii) और (iii) सही है। | |
| | d. केवल कथन (i), (ii) और (iii) सही है। | |
| | (4) अंतरिक्ष विज्ञान का संबंध किससे है? | 1 |
| | (5) अंतरिक्ष विज्ञान के विकास में 'इसरो' की भूमिका को स्पष्ट कीजिए? | 2 |
| | (6) अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन करने के लिए विद्यार्थियों में किस प्रकार से रुचि जाग्रत हो रही है? | 2 |
| | (7) अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र को रोजगार की दृष्टि से आप किस प्रकार देखते हैं? | 2 |
| प्रश्न-2. | निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 08 |
| | युग का युवा<br>मत देख दाएँ,<br>और बाएँ, और पीछे,<br>झाँक मत बगलें,<br>न अपनी आँख कर नीचे,<br>अगर कुछ देखना है, | |

| Q. No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| | देख अपने वे | |
| | वृषभ कंधे | |
| | जिन्हें देता निमँत्रण | |
| | सामने तेरे पड़ा | |
| | युग का जुआ | |
| | युग के युवा! तुझको अगर कुछ देखना है, | |
| | देख दुर्गम और गहरी | |
| | घाटियाँ | |
| | जिनमें करोड़ों संकटों के | |
| | बीच में फँसता, निकलता | |
| | यह शकट | |
| | बढ़ता हुआ | |
| | पहुँचा यहाँ है। | |
| | दोपहर की धूप में | |
| | कुछ चमचमाता-सा | |
| | दिखाई दे रहा है | |
| | घाटियों में। | |
| | यह नहीं जल, | |
| | यह नहीं हिम-खंड शीतल, | |
| | यह नहीं संगमरमर | |
| | यह न चाँदी, यह न सोना | |
| | यह न कोई बेशकीमत धातु निर्मल | |

| Q. No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |

देख इनकी ओर,
माथे को झुका,
यह कीर्ति उज्ज्वल
पूज्य तेरे पूर्वजों की
अस्थियाँ हैं।

1. 'युग का युवा' से अभिप्राय है?
   a. वर्तमान समय
   b. आलसी व्यक्ति
   c. नौजवान पीढ़ी
   d. जिम्मेदार नागरिक

2. 'पूज्य तेरे पूर्वजों की अस्थियाँ हैं' – पंक्ति में किस ओर संकेत है?
   a. हड्डियों की ओर
   b. बड़े लोगों की ओर
   c. परंपराओं की ओर
   d. पुरानी बातों की ओर

3. कथन- युवाओं को उनकी शक्ति याद करायी जा रही है।
   कारण - युवा आलसी हो रहे हैं।
   a. कथन सही है कारण गलत है
   b. कथन और कारण दोनों सही है
   c. कथन गलत है कारण सही है
   d. कथन और कारण दोनों गलत है।

| Q. No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | (4) 'झाँक मत बगले' का क्या अर्थ है? | 1 |
| | (5) कवि ने युवाओं को अपने वृषभ कंधे देखने के लिए क्यों कहता है? | 2 |
| | (6) 'शकट' किसे कहा गया है और इसका प्रयोग कवि ने क्यों किया है? | 2 |
| | खंड-ख (अभिव्यक्ति और माध्यम से) | 22 अंक |
| प्रश्न-03. | निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए - | 6x1=6 |
| | (I) पुस्तकालय में एक दिन | |
| | (II) बारिश में जब छतरी उलट गई | |
| | (III) पहली बार रेल यात्रा | |
| प्रश्न-04. | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं चार प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए - | 2x4=8 |
| | (I) अच्छे लेखन की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए? | |
| | (II) रेडियो नाटक का लेखन सिनेमा से अलग है, कैसे? | |
| | (III) कहानी को नाटक में रूपांतरित करने के लिए ध्यान देने वाली किन्हीं दो बातों का उल्लेख कीजिए? | |

(iv) विशेषीकृत रिपोर्टिंग किसे कहते हैं?
(v) स्तंभ लेखन से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न-5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए? 4x2=8

(i) इंटरनेट की लोकप्रियता के कारणों की समीक्षा करते हुए किन्हीं दो अवगुणों का भी उल्लेख कीजिए?
(ii) समाचार लेखन के लिए उलटा पिरामिड शैली महत्वपूर्ण क्यों है?
(iii) कारोबार और व्यापार के महत्व को रेखांकित करते हुए बताएँ कि ~~खेल पत्रकार~~ इससे संबंधित पत्रकार में किस प्रकार की विशेषताओं का होना अनिवार्य है?

खंड-ग (आरोह और वितान से) 40 अंक

प्रश्न-06 - निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए 05x1=5.

हो जाए न पथ में रात कहीं
मंजिल भी तो है दूर नहीं -
यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी-जल्दी चलता है
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है।
बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीड़ों से झाँक रहे होंगे
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता कितनी चंचलता है।

(i) कविता में प्रयुक्त 'पथ' किसकी ओर संकेत है?
(a) रास्ते
(b) आकाश

(c) जीवन
(d) कर्म

(ii) जब लक्ष्य सामने होता है तो हमारे मन में ----
(a) थकान हावी होने लगता है
(b) उत्साह की भावना प्रबल हो जाती है
(c) लक्ष्य को पाने की अकुलाहट बढ़ जाती है।
(d) भावी कल्पनाओं में मन उड़ान भरने लगता है।

(iii) बच्चे नीड़ों से क्यों झाँक रहे हैं?
(a) उत्साह में
(b) अकुलाहट में
(c) प्रतीक्षा में
(d) ~~पुर्ति~~ पाने की आशा में

(iv) बच्चों की याद में चिड़ियों की गति ---- हो जाती है?
(a) तेज
(b) धीमी
(c) ~~शि~~ शिथिल
(d) ~~चक~~ चंचल

(v) कथन - परिश्रम की गति बढ़ जाती है।
कारण - जब मंजिल स्पष्ट होने ~~पर~~ लगता है।

(a) कथन सही है कारण गलत है
(b) कथन गलत है और कारण सही है
(c) कथन और कारण दोनों सही है।
(d) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

प्रश्न-7. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर लिखिए? 3×2=6.

(I) जन्म से ही वे ~~लाते~~ अपने साथ लाते हैं कपास – पँक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए?

(II) शोक के माहौल में हनुमान के आने को करुणा रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है?

(III) 'कल्पना के रसायनों को पीने से कवि का क्या अभिप्राय है?

प्रश्न-8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए? 2×2=4

(I) 'रुबाइयाँ' में कवि ने 'चाँद का टुकड़ा' किसे कहा है और क्यों?

(II) कवि को सूर्योदय से पहले आकाश का रँग बदलता हुआ दिखाई दे रहा है, कैसे?

(III) कविता एक खिलना है फूलों के बहाने – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न-9. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए – 1×5=5

शिरीष तरु सचमुच पक्के अवधूत की तरह मेरे मन में ऐसी तरंगें जगा देती है जो ऊपर की तरफ उठती रहती हैं। इस चिलकती धूप में इतना अधिक सरस वह कैसे बना रहता है? क्या ये बाह्म परिवर्तन - वर्षा, धूप लू, आँधी अपने आप में सत्य नहीं हैं? हमारे देश के ऊपर से जो यह मार-काट, लूट-पाट, अग्निदाह, खून-खच्चर का बवंडर बह गया है, उसके अंदर भी क्या स्थिर रहा जा सकता है? पर शिरीष रह सका है। अपने देश का एक वृद्ध रह सका था। क्यों मेरा मन पूछता

है कि ऐसा कैसे संभव हुआ? क्योंकि शिरीष भी अवधूत ~~क्य~~ है। शिरीष वायुमंडल से रस खींचकर इतना कोमल तथा इतना कठोर है।

(i) गद्यांश के अनुसार अवधूत किसे कहा गया है?
(a) मनुष्य को
(b) आँधी को
(c) शिरीष को
(d) वृद्ध को

(ii) शिरीष की विशेषता है?
(a) मौसम से बचे रहना
(b) कठिनाइयों में सरस रहना
(c) मन में तरंगें उठाना
(d) मन को प्रसन्न रखना

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार सही कथन को चुनकर लिखिए -
(a) देश की कठिनाईयों में स्थिर रहना
(b) कठोर होते हुए भी कोमलता बरकरार
(c) शिरीष अपने स्वभाव में जीता है
(d) शिरीष बहुत ही कोमल है।

(iv) 'अपने देश का एक वृद्ध रह सका था' - पंक्ति में वृद्ध से किसकी ओर संकेत है?
(a) महात्मा गाँधी
(b) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(c) वल्लभभाई पटेल
(d) जवाहरलाल नेहरू

(v) प्रस्तुत गद्यांश से हमें सीख मिलती है कि -
(a) समान भाव से रहना

(b) कठिनाइयों में स्थिर रहना
(c) परिस्थितियों के अनुकूल रहना
(d) बाहरी प्रभाव को समझकर रहना

प्रश्न-10- निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर लिखिए
3x2=6

(I) 'भक्तिन' के चरित्र की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए?

(II) बाजार के प्रभाव को बेअसर करने के लिए संतोष और दृढ़ इच्छा शक्ति का होना आवश्यक है, कैसे?

(III) परंपराओं में विश्वास रखना मूर्खता का परिचायक नहीं होता - 'काले मेघा पानी दे' से उदाहरण देकर अपनी बातों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-11. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर लिखिए 2x2=04

(I) किसी मनुष्य की क्षमता किन तीन बातों पर निर्भर ~~करती~~ रहती है? उल्लेख कीजिए? 'श्रम विभाजन' के आधार पर लिखिए?

(II) लुट्टन पहलवान 'ढोल' को अपना गुरू क्यों मानता था?

(III) 'वह तत्व है मनीबैग, अर्थात पैसे की गरमी - पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न-12. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 100 शब्दों में उत्तर लिखिए

(I) बदलते जीवन-मूल्यों के साथ नहीं बदलने वाला व्यक्ति समाज, परिवार में उपेक्षित हो जाता है, कैसे? 'सिल्वर वैडिंग' के आधार पर लिखिए? 5x2=10

(II) 'जूझ' पाठ समाज की जिस सच्चाई को सामने रखता है वह आज भी हमारे समाज में मौजूद है — कथन का पाठ के संदर्भ में विश्लेषण कीजिए?

(III) इतिहास सिर्फ देखने और पढ़ने के लिए नहीं होता समझने और अपनाने के लिए भी होता है — पाठ 'अतीत में दबे पाँव' के आधार पर कथन की समीक्षा कीजिए?

———×———